# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 29 अप्रैल, 2023

## SUPREME पहल

हाल ही में **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सपोर्ट फॉर अपग्रेडेशन प्रिवेंटिव रिपेयर एंड मेंटेनेंस ऑफ इक्विपमेंट (SUPREME) पहल** शुरू की है। यह सरकार द्वारा शुरू किया गया अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है, जो मौजूदा **विश्लेषणात्मक उपकरण सुविधाओं (Analytical Instrumentation Facilities- AIF) की कार्यात्मक क्षमताओं को बढ़ाने हेतु मरम्मत, उन्नयन, रख-रखाव, रेट्रोफिटिंग या अतिरिक्त संलग्नक प्राप्त करने के लिये वित्तीय सहायता** प्रदान करता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग **(University Grants Commission- UGC)** द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों में ऐसी सुविधाओं के लिये SUPREME पहल के तहत धन हेतु आवेदन किया जा सकता है। **AIF वैज्ञानिकों और शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं तथा उद्योगों के अन्य उपयोगकर्त्ताओं को परिष्कृत विश्लेषणात्मक उपकरणों** की सुविधा प्रदान करते हैं ताकि वे **अनुसंधान एवं विकास** कार्य का मापन करने में सक्षम हो सकें।

## मक्कलाई थेडी मेयर

चेन्नई की मेयर ने घोषणा की है कि वह **'मक्कलाई थेडी मेयर'** नामक एक नई पहल शुरू करेगी। यह योजना **चेन्नई में 15 क्षेत्रों में नागरिक मुद्दों को अधिक सुव्यवस्थित और कुशल तरीके से संबोधित करने के लिये अभिकल्पित की गई है, जिसमें महापौर प्रति 15 दिनों में निवासियों से याचिकाएँ प्राप्त करने के लिये प्रत्येक क्षेत्र का दौरा करता है।** पहली बैठक रोयापुरम में आयोजित की जाएगी और इस क्षेत्र के सभी वार्डों के निवासियों को इस बात के प्रोत्साहित किया जाएगा कि वे सड़कों, स्ट्रीटलाइट्स, शौचालय, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, संपत्ति कर, पेशेवर कर, कचरा सफाई, अतिक्रमण, पार्क एवं खेल के मैदान से संबंधित अपनी समस्याओं के बारे में बताएँ।

## Y20 प्री-समिट का उद्घाटन सत्र

Y20 प्री-समिट का उद्घाटन सत्र लेह में आयोजित किया गया और इसका उद्घाटन **लेह-लद्दाख** के लेफ्टिनेंट गवर्नर ने किया। सत्र में सेहत और स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन एवं आपदा जोखिम में कमी लाने तथा लोकतंत्र और शासन में युवा जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। सत्र का विषय **'यूथ-लेड रेसिलिएंट रिकवरी'** था, इस कार्यक्रम में G20 **देशों के प्रतिभागियों ने भाग** लिया। इस सत्र में **सतत् विकास और जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों से निपटने में युवाओं की भूमिका** पर ज़ोर दिया गया। इस कार्यक्रम में लद्दाख की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं तथा प्राकृतिक सुंदरता को भी प्रदर्शित किया गया। स्वयं सहायता समूह द्वारा हस्तशिल्प एवं हथकरघा जिसमें लद्दाखी महिलाएँ शामिल रहीं, ने लद्दाख की बागवानी विरासत के एक हिस्से के रूप में पश्मीना ऊन, **काष्ठ नक्काशी** पर प्रकाश डाला। **G20 के लिये** Y20 आधिकारिक युवा जुड़ाव समूह है, **जो वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा करने और नीतिगत समाधानों की सिफारिश करने के लिये विश्व भर के युवा नेताओं को** एक मंच पर लाता है। **वैश्विक युवा नेतृत्व** और साझेदारी पर ध्यान देने के साथ भारत पहली बार Y20 शिखर सम्मेलन की मेज़बानी कर रहा है।

फाइनल Y20 समिट के लिये भारत के राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों में चर्चाओं और सेमिनारों का आयोजन किया जाएगा।

**और पढ़ें...** भारत वर्ष 2023 में G20 शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करेगा

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-29-april-2023